# वृश्चिक राशि फल वर्ष २०२६

**वृश्चिक राशि :** वर्षारम्भ से वर्षारम्भ से शनि के मीन राशि से गोचर में व्यवसाय तथा नौकरी में अवनति होगी। स्वास्थय खराब होगा। कार्यो में असफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति कठिन बनेगी। पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। आचरण दूषित रहेगा। पारिवारिक एवं दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी। इसके विपरीत 02 जून तक गुरु के शुभ गोचर से स्वभाव की सौम्यता से शासन –सत्ता पक्ष से लाभान्वित होगे। पद – प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सफल यात्राये होगी। मन प्रसन्न रहेगा। रोग तथा कष्ट दूर होगे। 02 जून से वर्ष के अन्त तक गुरु का गोचर भी अशुभ फलो का संकेत दे रहा है। धनागम गिरेगा। आर्थिक हानि होगी। दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन में विवाद होगे। सन्तान के विषय में चिन्ता रहेगी। विचारशीलता अवगुण बनेगी। पद प्रतिष्ठा गिरेगी। नये भवन की प्राप्ति में विलम्ब होगा। भू सम्पत्ति के वाद विवाद बढ़ेगे। स्वभाव में निरुद्यमता आयेगी। किसी भी कार्य में मन नही लगेगा। व्यर्थ के वादविवादो में समय व्यतीत करेगे। स्थान हानि होगी।

**जनवरी :** नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे। सज्जनो तथा उच्चाधिकारियो से सम्पर्क बनेगे। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियो से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धातुओ के व्यापार से लाभ होगा। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रो के माध्यम से धन लाभ होगा। विरोधी पराजित होगे। रोग मुक्त होगे। मन में सफलता का उत्साह रहेगा।

शुभ दिन : 02, 04, 18, 25, 29, 31

अशुभ दिन : 06, 08, 11, 13, 16, 21, 23, 27,

**फरवरी :** घर परिवार में झगड़े झंझटो के कारण सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। सुख ऐश्वर्य में कमी तथा व्यसनो से लगाव रहेगा। यात्राओ में असुविधा होगी। भू–सम्पत्ति के मामलो में विघ्न बाधाऐ आयेगी। स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्याये उत्पन्न होगी। जीवन साथी से मतभेद होगे। मानहानि होगी। सहयोगियो के कारण अवरोध बनेगे। मानसिक तथा शारीरिक व्यथाये बढ़ेगी। मानसिक रुप से स्वयं को असहाय अनुभव करेगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यो में रुचि लेगे। स्थान परिवर्तन होगा। आर्थिक तंगी रहेगी। दैनिक उपभोग की वस्तुओ में भी कमी रहेगी। माता अथवा मातृतुल्य महिलाओ का समय कष्टपूर्ण रहेगा।

VYAS PANCHANG

**शुभ दिन :** 15, 21, 26, 28

अशुभ दिन : 02, 05, 07, 10, 12, 17, 19,23,

**मार्च:** व्यय नियन्त्रण बनाये रखने में सफलता मिलेगी। मन की चंचलता समाप्त होकर स्वभाव में स्थिरता आयेगी। भ्रम की स्थिति समाप्त होगी। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति की दृढ़ता परीलक्षित होगी। मित्रो एवं हितेषियो का सहयोग मिलेगा। स्वास्थय उत्तम रहेगा। विरोधी पक्ष पर प्रभाव रहेगा। वार्तालाप से प्रशासनिक अधिकारियो को संतुष्ट करने में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास से व्यक्तित्व में प्रखरता आयेगी।यात्राओ में दुर्घटना से बचाव होगा। 26 मार्च से सहयोगियो तथा साझेदारो से का सपोर्ट मिलेगा। अपनी शर्तो पर एग्रीमेन्ट करेगे। सन्तान के कार्यो से प्रतिष्ठा मिलेगी।

शुभ : 14, 25,

अशुभ : 02, 04, 06, 09, 11, 16, 18, 21, 23, 29, 31

**अप्रैल:** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विधि सम्मत नियमानुकूल कार्य करेगे। मान- प्रतिष्ठा, गौरव बढ़ेगा। सन्तान सुख रहेगा। आय बढ़ेगी। पाचनतंत्र में सुधार होगा। विरोध समाप्त होगा। 14 अपैल से धन-धान्य में कमी आयेगी। रोग ग्रस्त होगे। विराधी मुखर होगे। प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। मान, पद, प्रतिष्ठा, सुख समृद्धि की हानि होगी। मानसिक अशांति रहेगी। 19 अप्रैल से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनयापन सुगम होगा। किसी प्रिय वस्तु का उपहार मिलेगा। महिलाओ का सहयोग मिलेगा।

शुभ दिन : 10, 21, 23,

अशुभ दिन : 03, 05, 08, 13, 15, 17, 19, 25, 28, 30

**मई :** कोर्ट कचहरी के मामलो में प्रतिकूल परिणाम आयेगे। स्टाटर्सअप तथा बहुमूल्य धातुओ में हानि होगी। विरोधी मुखर होगे। विवाद बढ़ेगे। मान-प्रतिष्ठा भंग होगी। आनन्दोदत्सव निरस्त होगे। स्वास्थय निर्बल रहेगा। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान रोग पीड़ित होगी। कार्यो में असफलता से व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। थका देने वाली यात्राये होगी। अपच, उदर विकार अथवा कब्ज से पीड़ित होगे। धन तथा मान हानि के कारण मन में क्लेश रहेगा।

शुभ : 08, 14, 18, 20,

VYAS PANCHANG

अशुभ : 03, 05, 10, 12, 16, 23, 25, 27, 30

**जून:** किये गये कार्यो का परिणाम मिलेगा। विरोधियो से झगड़ा होगा। कफजन्य बीमारियो से पीड़ित होगे। प्रशासन से भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी, दंडित होगे। दाम्पत्य जीवन में अवरोध बनेगे। व्यय अधिक रहेगा। सुखोपभोग में कमी आयेगी। जीवन साथी से मनोमालिन्य रहेगा। वैचारिक मतभेद से नपुंसक क्रोध जन्मेगा। 22 जून से मिथ्या अपवाद समाप्त होगे। कार्य सुचारु रुप से चलेगे। कार्यो की प्रगति सन्तोषजनक रहेगी। सम्बन्धियो में मधुरता आयेगी।

शुभ दिन : 04, 06, 15, 17, 21,

अशुभ दिन : 01, 09, 11, 13, 19, 24, 26, 29

**जुलाई:** 04 जुलाई से शरीर निर्बल रहेगा। विरोधी प्रभावी होगे. महिलाओ के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। 07 जुलाई से सुखोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। 16 जुलाइग से अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। आय में कमी आयेगी। मानसिक अशांति बढ़ेगी। मन अज्ञात कारणो से भयग्रस्त रहेगा। प्रयत्नो में असफलता से मन में निराशा आयेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा।वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो से विरोध होगा।

शुभ दिन : 01, 04, 12, 14, 18, 28, 31

अशुभ दिन : 06, 08, 10, 16, 21, 23, 26,

**अगस्त:** प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। लोन चुकाने में कठिनाईया आयेगी। तेज ज्वर से पीड़ा होगी। चोट लगेगी। पारिवारिक जीवन में बाधा आयेगी। स्थान परिवर्तन होगा। 17 अगस्त से पदोन्नति का अवसर मिलेगा। सज्जनो के माध्यम से लाभ होगा। प्रतिष्ठितकार्य ` सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रभावशाली व्यक्तियो का सान्धिय मिलेगा। 22 अगस्त से आरोप मु क्त होगे। परन्तु वाकविलास तथा वाक्चातुर्य का प्रदर्शन न करे अन्यथा हानि होगी। सम्बन्ध बिगड़ेगे। व्यवसायिक सफलता मिलने में अभी समय लगेगा।

शुभ दिन : 04, 09, 11, 15, 25, 27,

अशुभ दिन : 02, 07, 13, 17, 20, 22, 29

VYAS PANCHANG

**सितम्बर :** पद, प्रतिष्ठा, मान सम्मान में वृद्धि होगी। वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा। घर में किसी आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। सात्विकता में वृद्धि होगी। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। 18 सितम्बर से अपमानजनक स्थितियो का सामना करना पड़ेगा। कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे। आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। 26 सितम्बर से स्वास्थय में सुधार होगा। यश तथा मान सम्मान मिलेगा। योग्य व्यक्तियो का सन्तान योग रहेगा। शुभ कार्यो में प्रवृति रहेगी।

शुभ दिन : 01, 05, 11, 21, 23, 28,

अशुभ दिन : 03, 07, 09, 14, 16, 18, 26, 30

**अक्तूबर:** पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वर्ग में उन्नति होगी। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। धन लाभ होगा। बन्धु बान्धवो तथा मित्रो से सम्बन्ध मधरु रहेगे। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से छुटकारा मिलेगा। विवाहितो को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त होगे। उपहार मिलेगे। भाग्योदय की प्रसन्नता रहेगी।

शुभ दिन : 02, 09, 18, 21, 25, 29

अशुभ दिन : 04, 06, 11, 13, 16, 23, 27,

**नवम्बर :** अपौष्टिक पदार्थो- जंक फूड़ आदि के भोजन से स्वास्थ्य खराब होगा। रोजी रोजगार तथा कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियो का सामना पड़ेगा, जिनके निवारण के लिये अवांछित मार्ग अपनाकर मुसीबत मोल लेगे। किसी कार्यवश विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। परिवार से दूर किसी सुदूर स्थान पर रहना होगा। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। किसी भी नगण्य बात पर उत्तेजित होगे। 22 नवम्बर से दुर्घटनाओ से बचाव होगा। नया सहयोग क्रियान्वित होने में अवरोध आयेंगे। फंडस की कमी अनुभव होगी। वस्त्रो अथवा सफेद वस्तुओ के व्यापार से लाभ होगा। मतांतर से हानि होगी।

शुभ दिन : 05, 15, 22, 24, 26,

अशुभ दिन : 01, 03, 07, 10, 12, 17, 20, 28, 30

**दिसम्बर :** आंखो की पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक सुख सोहार्द्र का आनन्द रहेगा। श्वेत खाद्य पदार्थो यथा चावल, दूध आदि के व्यापारियो को लाभ होगा। सत्कर्मो में रुचि बनेगी।

VYAS PANCHANG

पढ़ाई में मन लगेगा। शिक्षा में अपेक्षित प्रगति प्राप्त होगी। कार्यो में सफलता का संतोष रहेगा। 22 दिसम्बर से सुखोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। शिक्षा में प्रगति होगी।

शुभ दिन : 02, 04, 07, 12, 14, 17, 19, 23, 29

अशुभ दिन : 09, 21, 25, 27

VYAS PANCHANG